**Meeting No. 6**

आज दिनांक 27/02/2017 को PTA की कार्यकारिणी की बैठक श्री शकुन महिंद्रा प्रधान की अध्यक्षता में हुई बैठक में डॉ.के.वी. सिंह प्रधानाचार्य विशेष तौर उपस्थित रहे |

बैठक में निम्न सदस्यों ने भाग लिया |

श्री डॉ.के.वी.सिंह, चेयरमेन

श्री शकुन महिंद्रा, प्रधान

श्री मति श्यामा देवी, उपप्रधान

श्रीमति शोभना सक्सैना, Chief advisor

श्रीमति आशा देवी

श्रीमति अलका चौहान

श्री कुलदीप सिंह सेन

श्रीमति रितु पन्त

श्री सुरजीत सिंह

श्री नरेश कुमार सचिव

श्री नुप सिंह, कोषाध्यक्ष

सर्वप्रथम सचिव श्री नरेश कुमार द्वारा सभी सदस्यों का बैठक में पधारने हेतु स्वागत किया गया ततपश्चात प्रधानाचार्य डॉ.के.वी.सिंह की अनुमति से बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गई बैठक में निम्न प्रस्ताव विस्तृत चर्चा के उपरांत पारित किए गए |

दिनांक 19/12/2016 को हुई बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई | PTA सचिव द्वारा सूचित किया गया कि पिछली बैठकों में लिए निर्णय सभी निर्णय लगभग लागू किए जा चुके है जिनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :-

1. कु. सोनिका को किताबो हेतु सहायता: जारी है | Rs 1845/-का भुगतान किया गया |
2. श्री रेणु शर्मा को लोक प्रशासन का विषय पढ़ाने हेतु: जारी है |
3. BCA /PGDCA व Community College से वित्तीय सहायता: जारी कर दी गई है status व्यय पूरा होने के पश्चात Next मीटिंग में रखा जाएगा

Shree Guru Gobind Singh Ji Government College Paonta Sahib ★ NAAC ACCREDITED WITH B++ GRADE

4. NAAC ग्रेडिंग हेतु 100000/- का व्यय:  व्यय होने के पश्चात states अगली मीटिंग में रखा जाना है
5. गरीब छात्रों को वित्तीय सहायता: जारी कर दी है भवर सिंह को अब तक 988/-की सहायता प्रदान की गई
6. महाविद्यालय भवन की सुरक्षा: चैनेल गेट की राशि 16219/-स्वीकृत की गई भविष्य में कार्यवाही आपेक्षित नहीं |
7. गेस्ट लेक्चर्स का प्रावधान: हिंदी तथा शारीरिक शिक्षा के विषय में क्र दिया गया |
8. महाविधालय को Rs 11000/- की स्वीकृती: उक्त मद पर 11729/-का व्यय हुआ जो कि स्वीकृत किया गया इस मद भविष्य में कोई कार्य वाही आपेक्षित नहीं है

## नई मदे | New Agenda Items

1. रसायन विज्ञानं प्रयोगशाला में फर्नीचर उपलब्ध कराए जाने बारे : प्रधानाचार्य महोदय ने सूचित किया कि पुराने हाल में जहां कार्यालय चल रहा था,Shift होने कारण, उस कमरे हाल में दूसरी रसायन विज्ञानं की लेब बनाई जानी है जिसके लिए रसायन विज्ञानं विभाग द्वारा 50 स्टूल की मांग की गई | अत: बैठक में उक्त 31500/- का व्यय का प्रस्ताव रखा गया जिसे सभी सदस्यों सर्वसम्मति से पारित किया |
2. महाविधालय में रखे गए माली का मानदेय PTA Fund से जारी करने हेतु: महाविधालय में मिश्रित निधि से (A.F.) से एक माली रखा गया था मिश्रित निधि में Funds की कमी के कारण प्रधानाचार्य महोदय द्वारा उक्त माली का मानदेय का PTA Fund से भुगतान करने का प्रस्ताव रखा | जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति PTA से भुगतान करने हेतु पारित किया निर्णय लिया गया कि रखे गए माली 5000/-प्रति माह की डॉ से फरवरी 2017 से भुगतान आरम्भ किया जाए |
3. अध्ययन कक्ष हेतु व्यय: प्रधानाचार्य महोदय ने सूचित किया कि NAAC टीम के Visit को मध्यनजर रखते हुए पुस्तकालय के साथ खाली जगह में एल्युमीनियम फिटिंग्स/ पारटेशन से एक मैगज़ीन तथा समाचार पत्रों को पढ़ने हेतु छात्र/छात्राओं हेतु एक अलग Study Room बनाया गया है जिस पर मु Rs 47255/- का व्यय किया गया | प्रधानाचार्य द्वारा उक्त भुगतान PTA से करने प्रस्ताव रखा | PTA के समस्त उपस्थित सदस्यों द्वारा उक्त भुगतान मु Rs 47255/- को PTA Fund से निर्णय लिया अत: सर्वसम्मति से

Shree Guru Gobind Singh Ji Government College Paonta Sahib
NAAC ACCREDITED WITH B++ GRADE

उक्त प्रस्ताव पारित किया गया PTA सदस्यों द्वारा नए बनाए गए अध्ययन कक्ष का भी जायजा लिया गया और बनाए गए कक्ष पर संतोष जाहिर किया ।

4. स्टाफ रूम में PVC Flooring बिछने हेतु: प्रधानाचार्य महोदय द्वारा पुराने Science Block में जहां प्रधानाचार्य कार्यालय था स्टाफ रूम बनाने के बारे में सूचित किया स्टाफ रूम में Flooring खराब होने पर नई PVC Flooring बिछाने का प्रस्ताव रखा प्रधानाचार्य महोदय द्वारा मु.Rs 20000/- का व्यय PTA Fund से करने का निर्णय लिया अत: सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया ।
5. कैंटीन के साथ लगती दीवार की Fencing करने हेतु: प्रधानाचार्य महोदय ने कैन्टीन के दीवार छोटी होने पर छात्रों द्वारा सड़क की तरफ छलांग लगाने से बढ़ रही अनुशासनहीनता के बारे में सूचित किया विस्तृत चर्चा के उपरांत निर्णय लिया गया कि 20-30 मीटर दीवार पर जहां से छात्र Jump कर रहे है पर तार बाड़ लगाई जाए उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया और इस कार्य हेतु 50000/- स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया ।
6. महाविधालय कैन्टीन हेतु मु. Rs 15000/- का फर्नीचर खरीद हेतु: महाविधालय में कैन्टीन हेतु 15000/-की कुर्सियां व मेज खरीदने का निर्णय सर्वसम्मति से दिया गया ।
7. शारीरिक शिक्षा के विषय में गेस्ट लेक्चर्स हेतु मानदेय: प्रधानाचार्य महोदय ने सूचित किया कि दिनांक 19/12/2016 को मद सख्या 05 के अंतरगर्त शारीरिक शिक्षा अध्यापक का गेस्ट लेक्चर्स के तौर पर मानदेय 7000/-देने का निर्णय लिया गया था विस्तृत चर्चा के उपरान्त उक्त निर्णय को याद करते हुए अब इसे 6000/-करने का निर्णय लिया गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ ।
8. महाविधालय Play Ground में कचरा उठाने हेतु: महाविधालय खेल मैदान में छात्र/छात्राए चिप्स के खाली छिलके व अन्य समाग्री फेकते है जिसको उठाने हेतु 200/- प्रति माह की दर से विशेष प्रोत्साहन के तौर व्यय करने की स्वीकृति देने का निर्णय लिया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया ।
9. विधायक महोदय द्वारा घोषणाओ को लागु करवाने हेतु: श्री शकुन महिंद्रा ने सूचित किया कि गत वर्ष माननीय विधायक श्री किर्नेश जंग द्वारा महाविधालय में 5 बार खेल, Barbed Wire व Generatior Provide करने की घोषणा वार्षिक पुरस्कार वितरण सनारोह में

Shree Guru Gobind Singh Ji Government College Paonta Sahib
NAAC ACCREDITED WITH B++ GRADE

की थी सर्वसम्मति से पारित किया गया कि विधायक महोदय उक्त घोषणाओ हेतु स्मरण पत्र लिखा जाए व प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

10. माननीय मुख्य मंत्री हिमाचल प्रदेश द्वारा महाविधालय में की गई घोषणाओ हेतु धन्यवाद प्रस्ताव:- माननीय मुख्यमंत्री महोदय का महाविधालय में की गई घोषणाओ का धन्यवाद प्रैस के माध्यम से कर दिया गया है इस बारे में प्रधानाचार्य महोदय सूचित किया प्रधानाचार्य महोदय द्वारा सूचित किया पोंटा से शुभखेड़ा बस चलाने व् महाविधालय में बस पास काउंटर खोलने हेतु HRTC द्वारा सूचित किया गया कि माननीय मुख्य मंत्री महोदय द्वारा ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई है। इस पर महाविधालय द्वारा स्थिति स्पष्ट कर दी गई है और संबंधित अधिकारियो को दुबारा लिखा गया कि एक पत्र PTA द्वारा भी माननीय मुख्यमंत्री को लिखा जाए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ।

अन्त प्रधानचार्य द्वारा महाविधालय में चल रहे कार्यो बारे में सूचित किया व PTA सदस्यों को महाविधालय में PTA द्वारा किये गए कार्यो का मौका दिखाया गया जिस PTA सदस्यों ने सन्तोष जाहिर किया PTA सदस्यों द्वारा जलपान ग्रहण करने के बाद प्रधानाचार्य महोदय सभी सदस्यों का धन्यवाद किया गया जो अपना बहुमल्य समय निकालकर बैठक में उपस्थित हुए।

Secretary, P.T.A.
G.C. Paonta Sahib
Distt. Sirmour (H.P.)

Dr. MOHAN SINGH CHAUHAN
Principal
Shree Guru Gobind Singh Ji
Government College
Paonta Sahib
Dist. Sirmour (H.P.)-173025

Shree Guru Gobind Singh Ji Government College Paonta Sahib
NAAC ACCREDITED WITH B++ GRADE

आज दिनांक 27-02-2017 को PTA की कार्यकारिणी की बैठक श्री शकुन महिन्द्रा प्रधान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डा० के०वी० सिंह, प्रधानाचार्य विशेष तौर उपस्थित रहे।
बैठक में निम्न सदस्यों ने भाग लिया:-

1) डा० के० वी० सिंह, प्रधानाचार्य
2) श्री शकुन महिन्द्रा : अध्यक्ष PTA
3) श्रीमती श्यामा — उप प्रधान
4) श्रीमती शोभना → मुख्य सलाहकार
5) श्री सुरजीत सिंह → सदस्य
6) श्रीमती रितु पन्ना → सदस्य
7) श्रीमती अलका चौहान - सदस्य
8) श्री कुलदीप सिंह सेठ - सदस्य
9) श्री नूप सिंह → कोषाध्यक्ष
10) श्री नरेश कुमार → सदस्य सचिव

सर्वप्रथम सचिव श्री नरेश कुमार द्वारा सभी सदस्यों का बैठक में पधारने हेतु स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य डा० के वी० सिंह की अनुमती से बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गई। बैठक में निम्न प्रस्ताव विस्तृत चर्चा के उपरान्त पारित किए गए:-

दिनांक 19-12-2016 को हुई बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। PTA सचिव द्वारा सूचित किया गया कि पिछली बैठकों में लिए सभी निर्णय लगभग लागू किए जा चुके हैं। जिनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :→

1) कु० लोमिना को किताबों हेतु सहायता :→ जारी है।
रू० 1845/- का भुगतान किया गया।
2) श्री रेणु शर्मा को लोक प्रशासन का विषय पढ़ने हेतु :→ जारी है।
3) BCA/PGDCA व community college को वित्तीय सहायता :→
जारी कर दी गई है। Status व्यय पूरा होने के पश्चात next मीटिंग में रखा जाएगा।
~~4) भौतिक विज्ञान प्रयोग~~
4) NAAC की मीटिंग हेतु मु०रू० 1,00,000/- का व्यय :→
व्यय होने के पश्चात Status अगली मीटिंग में रखा ~~जा~~ जाना है।
5) गरीब छात्रों को वित्तीय सहायता :→ जारी रखी है
भवर सिंह को अब तक 488/- की सहायता प्रदान की गई।
6) महाविद्यालय भवन की सुरक्षा :→
चैनल गेट की राशी मु०रू० 16219/- स्वीकृत की गई। भविष्य कार्यवाही आपेक्षित नहीं।
7) गेम लोकप्रियता का प्रावधान :→ हिन्दी तथा शारीरिक शिक्षा के विभाग में कर दिया गया है।
~~[illegible]~~
8) महाविद्यालय में कु० रू० 11,000/- रू० की स्वीकृति।
उक्त मद पर 11729/- का व्यय हुआ जो कि स्वीकृत किया गया। इस मद पर भविष्य में कोई कार्यवाही आपेक्षित नहीं है।

नई मुद्दे। (New Agenda Item)

1) रसायन विज्ञान प्रयोगशाला में फर्नीचर उपलब्ध कराए जाने बारे।

प्रधानाचार्य महोदय ने सूचित किया कि पुराने हाल में जहां कार्यालय चल रहा था, Shift होने के कारण, उस कमरे। हाल में दूसरी रसायन विज्ञान की लैब बनाई जानी है। जिसके लिए रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 50 स्टूल की मांग की गई। अतः बैठक में उक्त मद पर 31500/- का व्यय का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया।

2) महाविद्यालय में रखे गए माली का मानदेय PTA fund से जारी करने हेतु :→

महाविद्यालय में मिश्रित निधी से (A.F.) से एक माली रखा गया था। मिश्रित निधी में funds की कमी के कारण प्रधानाचार्य महोदय द्वारा उक्त माली का मानदेय का PTA fund से भुगतान करने का प्रस्ताव रखा। जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से PTA से भुगतान करने हेतु पारित किया। निर्णय लिया गया कि रखे गए माली 5000/- (रू0 पांच हजार केवल) प्रतिमाह की दर से फरवरी 2017 से भुगतान आरम्भ किया जाए।

3) अध्ययन कक्ष हेतु व्यय :→ प्रधानाचार्य महोदय

मे सूचित किया कि NAAC टीम के visit को मद्देनज़र रखते हुए पुस्तकालय के साथ खाली जगह में Aluminium fittings/partition से एक Magazine तथा समाचार पत्रों को पढ़ने हेतु छात्र/छात्राओं हेतु एक अलग Study Room बनाया गया है। जिस पर रु० 5255/- का व्यय किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा उक्त भुगतान PTA से करने का प्रस्ताव रखा। PTA के समस्त उपस्थित सदस्यों द्वारा उक्त भुगतान रु० 5255/- को PTA fund से निर्णय लिया। अतः सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव पारित किया गया। PTA सदस्यों द्वारा नए बनाए गए अध्ययन कक्ष का भी जायजा लिया गया और बनाए गए कक्ष पर संतोष जाहिर किया।

4) स्टाफ कक्ष में PVC flooring बिछाने हेतु

प्रधानाचार्य महोदय द्वारा पुराने Science Block में जहां प्रधानाचार्य कार्यालय था, स्टाफ कक्ष बनाने के बारे में सूचित किया। स्टाफ कक्ष के flooring खराब होने के कारण पर नई PVC flooring बिछाने का प्रस्ताव रखा। प्रधानाचार्य महोदय द्वारा रु० 20,000/- (बीस हजार केवल) का व्यय PTA से करने का प्रस्ताव रखा। जिसे सभी सदस्यों द्वारा PTA fund से करने का निर्णय लिया। अतः सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

5) कैन्टीन के साथ लगती दीवार की fencing करने हेतु

प्रधानाचार्य महोदय ने कैन्टीन के

दीवार छोटी होने पर छात्रों द्वारा सड़क की तरफ छलांग लगाने से बढ़ रही अनुशासनहीनता के बारे में सूचित किया। विस्तृत चर्चा के उपरान्त निर्णय लिया गया कि 20-30 मीटर दीवार पर जहां से छात्र Jump कर रहे हैं पर तार बाड़ लगाई जाए। उक्त प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया और इस कार्य हेतु 50,000/- (पचास हजार केवल) रु० स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

6) महाविद्यालय कैन्टीन हेतु रु० 15,000/- का फर्नीचर खरीद हेतु :→ महाविद्यालय में कैन्टीन हेतु 15,000/- (पन्द्रह हजार रु० केवल) की कुर्सियाँ व मेज खरीदने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

7) शारीरिक शिक्षा के विषय में Guest lecture हेतु मानदेय

प्रधानाचार्य महोदय ने सूचित किया कि दिनांक 19-12-2006 को मद संख्या 05 के अन्तर्गत शारीरिक शिक्षा अध्यापक का guest lecture के तौर पर मानदेय 7,000/- (रु० सात हजार केवल) ~~प्रतिमाह~~ देने का निर्णय लिया था। विस्तृत चर्चा के उपरान्त उक्त निर्णय को Review करते हुए अब वर्ष 6000/- (रु० छः हजार) करने का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुआ।

8) महाविद्यालय play ground में कचरा उठाने हेतु

महाविद्यालय खेल मैदान में छात्र छात्राएं चिप्स के खाली लिफाफे व अन्य सामग्री फैंकते हैं। जिसको daily उठाने हेतु 200/- रू प्रति माह की दर से विशेष प्रोत्साहन के तौर व्यय करने की स्वीकृति देने का निर्णय लिया। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

9) विधायक महोदय द्वारा घोषणाओं को लागू करवाने हेतु

श्री अरुण महिन्द्रा ने सूचित किया कि ~~पिछले~~ गत वर्ष माननीय विधायक श्री किरनेश जंग द्वारा महाविद्यालय में 5" बोरवेल, Barbed wire व Generator provide करने की घोषणा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में की थी। सर्वसम्मति से पारित किया गया कि विधायक महोदय उक्त घोषणाओं हेतु स्मरण पत्र लिखा जाए व व्यक्तिगत तौर मिला जाए।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

10) माननीय मुख्य मन्त्री हिमाचल प्रदेश द्वारा महाविद्यालय में की गई घोषणाओं हेतु धन्यवाद प्रस्ताव

माननीय मुख्यमन्त्री महोदय का महाविद्यालय में की गई घोषणाओं का धन्यवाद प्रैस के माध्यम से ~~कर~~ दिया गया है। इस बारे में प्रधानाचार्य महोदय सूचित किया। प्रधानाचार्य महोदय द्वारा प्रस्तावित किया पांवटा से सुमरखेड़ा बस चलाने व महाविद्यालय में बस पास

काउन्टर खोलने हेतु RM HRTC द्वारा सूचित किया गया कि माननीय मुख्य मन्त्री महोदय द्वारा ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई है। इस पर महाविद्यालय द्वारा स्थिति स्पष्ट कर दी गई है और सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित किया गया है। अतः निर्णय लिया गया कि एक पत्र PTA द्वारा भी माननीय मुख्यमन्त्री को लिखा जाए। प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुआ।

अन्त प्रधानाचार्य द्वारा महाविद्यालय में चल रहे कार्यों के बारे में सूचित किया व PTA सदस्यों को महाविद्यालय में PTA द्वारा किए गए कार्यों का मौका दिखाया गया। जिस PTA सदस्यों ने सन्तोष जाहिर किया। PTA सदस्यों द्वारा जलपान ग्रहण करने के बाद प्रधानाचार्य महोदय सभी सदस्यों का धन्यवाद किया गया जो अपना बहुमूल्य समय निकाल कर बैठक में उपस्थित हुए।

(प्रधान) PTA

27/2/2017

प्रधानाचार्य

27/2/2017

(नरेश कुमार)
PTA Secretary.